# कण-कण में है राम | By Kumaar Mukesh |

राम नाम से बड़ा ना कोई
नाम ये चारों राम
कण-कण में है राम ही राम
भज ले रे मन मेरे ध्यान

कितने बन गए राम नाम से
कितने हो गए पार
राम से बढ़कर राम की महिमा
जाने ये संसार
जिसने राम रटा है जग में
उसका बड़ा है मान
कण-कण में है राम ही राम
धर ले रे मन मेरे ध्यान

हनुमान ने राम रटा तो
बन गए राम दुलारे
बाल्मीकि धुन राम रमाए
बन गए पूज्य हमारे
राम सुनो भाई राम ही देखो
मिला है जब ये ज्ञान
कण-कण में है राम ही राम
भज ले रे मन मेरे ध्यान

शाम सवेरे राम भजो जी
राम नाम सुखदाई
दो अक्षर का नाम ही लेगा
हर संकट से बचाई
नाम है पावन राम प्रभु का
राम गुणों के ज्ञान
कण-कण में है राम ही राम
भज ले रे मन मेरे ध्यान

राम नाम से बड़ा ना कोई
नाम ये चारों राम
कण-कण में है राम ही राम
भज ले रे मन मेरे ध्यान

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a4%a3-%e0%a4%95%e0%a4%a3-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-kumaar-mukesh/